# नेल रिमूवर खत्म हो जाएं तो आजमाएं ये खास टिप्स

नेल रिमूवर एक छोटी सी लेकिन हर लड़की के मेकअप बॉक्स में एक बहुत ही जरूरी चीज होती है। इसकी अहमियत तब पता चलती है जब आपको किसी पार्टी के लिए तैयार होना हो, पुराना आधा-अधूरा नैल पेंट हटाकर नया लगाना हो और आपको मालूम पड़े की आपका नेल पॉलिश

रिमूवर तो खत्म हो चुका हैं।

ऐसी स्थिति के लिए यदि आपको ऐसे कुछ घरेलू तरीके पता हो जिससे आप अर्जन्सी में अपनी नेल पॉलिश हटा सकें, तो ये आपके बहुत काम आएंगे। आइए जानें ऐसे ही कुछ आसान से तरीके-

अगर आपके घर में अल्कोहल है तो आप इसकी मदद से नेल पॉलिश छुड़ा सकती हैं। कॉटन बॉल को लेकर अल्कोहल में डुबा लें और उसे धीरे-धीरे नाखून पर रगड़ें। ऐसा करने से नेल पॉलिश उतर जाएगी।

सिरके की मदद से भी आप नेल पॉलिश उतार सकती हैं। इसे भी कॉटन बॉल की मदद से नाखूनों पर लगाएं। अगर आपको और बेहतर रिजल्ट चाहिए तो सिरके को एक कटोरी में लेकर उसमें कुछ बूंद नींबू के रस की मिला लें। इस घोल से नेल पॉलिश साफ करें।

नेल पॉलिश छुड़ाने का ये सबसे आसान तरीका है। एक कटोरी में गर्म पानी ले लें और अपने नाखूनों को 1० मिनट तक उसमें डुबो कर रखें। उसके बाद कॉटन से मल लें। पुराना नेल पॉलिश उतर जाएगा।

यह सुनने में भले ही बहुत मजेदार लग रहा हो लेकिन टूथपेस्ट एक बहुत कारगर उपाय है। थोड़ा सा टूथपेस्ट लेकर नाखूनों पर लगा लें। अब इसे कॉटन की मदद से धीरे-धीरे रगड़ें। कुछ ही देर में नाखून साफ हो जाएंगे।

क्या आपको पता है हर नेल पॉलिश में रिमूवल का गुण होता है। अगर आपके पास नेल पॉलिश रिमूवर नहीं है तो आप किसी दूसरे नेल पॉलिश को पुराने नेल पॉलिश पर लगाकर तुरंत पोछ लें। ऐसा करने से पुराना पॉलिश उतर जाएगा।

# मौन से समाधान

एक युवक ने कबीरदास जी से पूछा, 'गलतफहमी को टालने के लिए हमें क्या करना चाहिए।' कबीरदास जी ने कहा, 'गलतफहमी को टालना चाहते हो तो तुम्हें अनिवार्य रूप से मौन सीखना होगा। अगर तुम मौन सीखते हो तो पहली चीज यह होगी कि तुम कभी किसी को गलत नहीं समझोगे। और यह बहुत बड़ा आनंद है। किसी को भी गलत नहीं समझना! तब तुम अच्छे श्रोता हो गए, तुम सम्यक श्रवण जानोगे। और हर चीज तुम्हारे लिए स्पष्ट और साफ-सुथरी होगी। यह स्पष्टता तर्क से नहीं आएगी, बौद्धिकता से नहीं आएगी, विश्लेषण से नहीं आएगी। यह स्पष्टता मौन द्वारा आती है। अगर तुम्हारे मौन में किसी के शब्द उतरते हैं तो तुम गलत अर्थ नहीं लगाओगे क्योंकि वहां कोई दखल देने वाला नहीं है; या तो तुम समझते हो या तुम नहीं समझते, लेकिन वहां गलत समझने का कोई कारण नहीं है।'

प्रस्तुति : सुभाष बुड़ावनवाला

# धैर्य और विश्वास का फल

एक बार नारदजी ने मार्ग में अत्यंत वृद्ध संत को साधना करते हुए देखा। वृद्ध संत नारदजी को देख बोलेए क्या आप प्रभु के पास जा रहे हैंनारदजी के हां कहने पर वृद्ध संत ने हाथ जोड़ते हुए कहाए कृपया प्रभु से यह पूछ कर बताइएगा कि मुझे उनके दर्शन कब होंगेनारदजी उन्हें प्रश्न का जवाब देने की बात कह कर आगे बढ़ चले। आगे उन्होंने एक युवा संत को मस्ती में गाते देखा। युवा संत की मधुर वाणी से फूटते स्वर ने नारदजी को भी भजन सुनने पर मजबूर कर दिया। भजन खत्म होने पर युवा संत की आंखें खुलीं तो उन्होंने नारद को अपने सामने पाया।

नारद से जब उन्हें यह पता चला कि वह प्रभु के दर्शनों के लिए जा रहे हैं तो उन्होंने भी यही पूछ कर आने को कहा कि उन्हें प्रभु के दर्शन कब होंगे दोनों के जवाब जानने के लिए नारदजी प्रभु के पास पहुंचे। वापसी में पहले युवा संत नजर आएए लेकिन वे समाधि में लीन थे। यह देख कर नारदजी वृद्ध संत के पास पहुंचे। वृद्ध संत बेसब्री से उनका इंतजार कर रहे थे। नारद बोले महाराज, प्रभु ने कहा है कि तुम्हें तीन जन्म और लेने पड़ेंगे, तभी वे तुमसे मिल पाएंगे। यह जवाब सुनते ही वृद्ध का धैर्य जवाब दे गया।

गुस्से से भर कर वे बोलेए माना कि धर्म का लक्षण धैर्य हैए किंतु अब और धैर्य मुझ से नहीं होगा। पूरा जन्म बीत गया और वे कहते हैं कि अभी मुझे तीन जन्म और लेने होंगे। उन्होंने अपनी माला एक तरफफेंकी और वहां से चले गए। अब नारदजी युवा संत की ओर पहुंचे। वे कंद.मूल चुन रहे थे। नारदजी वहां स्थित एक वृक्ष की ओर देखते हुए बोलेए मुझे प्रभु का संदेश देते हुए घबराहट हो रही है। जहां वृद्ध संत मात्र तीन जन्म में प्रभु दर्शन की बात पर बिफर उठे थे, वहां तुम्हें तो इतने जन्म और लेने हैं, जितने इस वृक्ष पर पत्ते हैं।

नारद का जवाब सुन कर युवा संत खुशी से झूम उठे और बोलेए धरती में तो अरबों-अरब वृक्ष हैं। ऐसे में बस इस वृक्ष के पत्ते जितने जन्म लेने पर मुझे प्रभु दर्शन दे देंगे। अब तो मेरी खुशी का पारावार नहीं है। युवा संत के धैर्य और विश्वास से प्रसन्न होकर प्रभु ने उसी समय युवा संत को दर्शन दे दिए और बोले, धैर्य और विश्वास से मनुष्य तो क्याए ईश्वर भी वश में हो जाते हैं।

# बाउंसी हेयर की चाहत पूरी करता है प्याज का रस!



अगर आप अपने गिरते बालों की समस्या से परेशान हैं या बालों में बढ़ते रूखेपन की वजह से वे दिन- प्रतिदिन पतले होते जा रहे हैं तो आपका परेशान होना स्वाभाविक है। लेकिन इस समस्या को परेशान होकर दूर नहीं किया जा सकता। बल्कि परेशान होने से तो यह समस्या और अधिक बढ़ सकती है। इसका समाधान आपकी रसोई में रखी प्याज में छिपा है। यहां जानें, कैसे प्याज आपके बालों को मोटा, मुलायम और घना बनाने का काम करती है...

बालों की जड़ों पर काम करे

-ब्यूटी एक्सपर्ट्स का मानना है कि प्याज में मौजूद पोषक तत्व हमारे बालों की जड़ों को मजबूती देने का काम करते हैं। जो बालों का वॉल्यूम बढ़ाने यानी उन्हें घना बनाने का काम करता है।

-प्याज का रस बालों पर नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर बालों को एक्स्ट्रा पोषण मिलता है। जिससे बाल शाइनी और सॉफ्ट बनते हैं।

- एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्याज में मौजूद डायट्री सल्फर सिर में उन जगहों पर बाल फिर से उगाने का काम करता है, जहां से बाल झड़ चुके हैं। साथ ही उगे हुए बालों को मजबूती देता है, जिससे रोजमर्रा में बालों की खूबसूरती को होनेवाले नुकसान में कमी आती है।

- हमारी सेहत के लिए सल्फर एक बेहद जरूरी मिनरल है। यह एंजाइम्स और प्रोटीन के उत्पादन में मदद करता है। केराटिन में भी सल्फर पाया जाता है, जो बालों का मुख्य अव्यव या कॉम्पोनेंट है।

- प्याज के रस में मौजूद सल्फर ना केवल हमारे बालों को पोषण देकर उनकी ग्रोथ में मदद करता है बल्कि बाल बढ़ने की प्रक्रिया को भी यह तेज करता है।

ऐंटी-माइक्रोबियल खूबियां

प्याज का रस बालों को फंगल इंफेक्शन से बचाने और बालों की जड़ों में रूसी या डैंड्रफ की समस्या होने से भी रोकता है। क्योंकि प्याज के रस में ऐंटिबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं।

- प्याज का रस बालों की जड़ों में किसी भी तरह के इंफेक्शन को नहीं पनपने देता, इस कारण बाल तेजी से ग्रोथ कर पाते हैं और हेल्दी रहते हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



-प्याज के रस में फ्लेवोनॉइड्स जैसे ऐंटिऑक्सीडेंट्स भी होते हैं। ये हमारे पूरे शरीर को रेडिकल फ्री रखने में मदद करते हैं। इस कारण हेयर डैमेज के चांसेज कम होते हैं और बालों का टैक्सचर स्मूद बनता है।

ऐसे बनाएं प्याज का रस

बालों में लगाने के लिए प्याज का रस बनाना है तो सबसे पहले प्याज छील लें और फिर इसे धुल लें। साफ प्याज को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।

- कटे हुए प्याज को पीसकर या जूसर की सहायता से इसका रस बना लें। अब इस रस को कॉटन के कपड़े या बारीक छन्नी की मदद से छान लें। ताकि प्याज के मोटे कण रस से अलग हो जाएं।

- अब प्याज के इस रस को बालों में लगा लें। अगर आप प्याज की स्मेल से बचने के बारे में सोच रहे हैं तो इस जूस में किसी भी असेंशियल ऑइल की दो-तीन बूंद मिला लें। जैसे, पिपरमिंट, लैवंडर या रोज मैरी असेंशियल ऑइल। ये सभी ऑइल हमारी स्किन के लिए बहुत अच्छे होते हैं।

- कई लोगों को प्याज का रस लगाने के बाद बालों की जड़ों में इचिंग या इरिटेशन की समस्या हो सकती है। हालांकि यह कुछ देर बाद शांत हो जाती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है तो आप तुरंत बाल धो लें और इस जूस को ना लगाएं। क्योंकि हर चीज हर स्किन टाइप को सूट नहीं करती है।


प्याज के रस का बालों की ग्रोथ में प्रभाव और इसके पोषक तत्वों के बारे में जर्नल ऑफ डर्मेटॉलजी में पब्लिश एक रिसर्च के मुताबिक, बालों में प्याज का रस लगाने पर कुछ लोगों में बहुत बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं। क्योंकि इसके नियमित उपयोग से उनके बाल हेल्दी, डैमेज फ्री और स्मूद हो जाते हैं। साथ ही बाल घने भी बनते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -052

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |